The General Administration of Quality Supervision, Inspection and Quarantine (AQSIQ) has amended "Implementation Catalogue for Registration of Overseas Manufacturers of Imported Food" to include "sea food". All overseas enterprises desirous of exporting seafood to China will now need to be registered with the Certification and Accreditation Administration of China (CNCA) as the agency now register all overseas enterprises exporting meat and seafood to China. According to CNCA, The deadline for completion of registration

पंजीकरण करती है। सी एन सी ए के अनुसार, पंजीकरण पूर्ण होने की अंतिम तारीख 1 मई, 2013 है। विनिर्माता को भारत में संगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। विनिर्माता को सक्षम प्राधिकरण के प्रभावी नियंत्रण और निगरानी में होना चाहिए। विनिर्माता की स्वच्छता संबंधी स्थितियां चीन के कानूनों और विनियमों, मानकों और संहिताओं के संगत प्रावधानों को पूरा करेंगी। चीन को निर्यातित खाद्य में प्रयुक्त पशु एवं पादप कच्ची सामग्री रोग रहित क्षेत्र से आएंगी। चीन में पशु या पादप रोगों के फैलने के संभावित जोखिम वाले खाद्य का निर्यात करते समय देश का सक्षम प्राधिकारी इस बात का उल्लेख करते हुए सत्यापन दस्तावेज एवं संगत वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध कराएगा कि जोखिम को दूर कर दिया गया है अथवा वह नियंत्रण में है। एम्पीडा ने इस मामले को ईआईसी (सक्षम प्राधिकरण) और भारतीय दूतावास, बीजिंग के साथ उठाया है। ईआईसी ने अब यह सूचित किया है कि उन्होंने भारतीय दूतावास, बीजिंग को उन प्रतिष्ठानों की सूची भेज दी है जो भारतीय सक्षम प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित हैं। परिणामतः भारतीय दूतावास, बीजिंग ने अब यह सूचित किया है कि सीएनसीए के पास पंजीकृत भारतीय समुद्री खाद्य विनिर्माताओं का सत्यापन करने के लिए 7 से 14 मई, 2013 तक भारत को एक 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए सीएनसीए की योजना है।

6.1.6 चीन के लिए आहार/आहार अभिवर्धकों के निर्यातक प्रतिष्ठानों का पंजीकरण।

चीन जनवादी गणराज्य के गुणवत्ता पर्यवेक्षण, निरीक्षण एवं संगरोध संबंधी सामान्य प्रशासन (एक्यूएसआईक्यू) ने भारतीय दूतावास को यह सूचित किया है कि भारत उन देशों/क्षेत्रों की सूची में शामिल नहीं है, जिन्हें चीन को आहार एवं आहार अभिवर्धकों का निर्यात करने की अनुमति है। एक्यूएसआईक्यू ने आगे यह सूचित किया है कि भारत से चीन को मत्स्य खाद्य का निर्यात सर्वप्रथम चीन में आयात किए जाने वाले कृषि उत्पादों हेतु संगरोध पहुंच प्रक्रियाओं के अनुसार किया जा सकता है। उक्त विनियमों का अनुपालन करने के लिए एम्पीडा, ईआईसी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अपेक्षित कदम उठाए जा रहे हैं।

6.1.7 नीतिगत निविष्टियां

समुद्री खाद्य क्षेत्र में निर्यात हेतु प्रसंस्करण एवं पुनः प्रसंस्करण के लिए कच्ची सामग्री के आयात में आने वाली बाधाओं के बारे में एम्पीडा के विचार डीजीएफटी एवं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को भेजे गए थे। सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की अध्यक्षता में कई बैठकें हुई थीं जिनके बाद एफएसएसएआई ने इन नमूनों की जांच हेतु कोच्चि में 4 अतिरिक्त प्रयोगशालाओं को अधिसूचित किया हैं।

6.1.8 जल कृषि प्रचालन के लिए प्रयुक्त मशीनों और उपकरणों के आयात हेतु शुल्क छूट तथा समुद्री क्षेत्र में प्रयुक्त विशिष्टीकृत निविष्टियों के आयात हेतु शुल्क छूट हकदारी को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत करने के लिए क्षेत्रीय समीक्षा बैठक हेतु सुझाव डी जी एफ टी को भेजे गए थे।

6.1.9 शुल्क छूट का लाभ उठाने के प्रयोजनार्थ संघटकों के आयात हेतु विभिन्न प्रकार के समुद्री उत्पादों के लिए अग्रिम प्राधिकारों पर एसआईओएन के निर्धारण हेतु एम्पीडा से टिप्पणियां उपलब्ध कराई गई थीं।

6.1.10 एम्पीडा ने उद्योग में व्यापार पूछताछों को परिचालित किया और सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु व्यापार तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायतों का निवारण किया।

6.1.11 बाजार सेवा स्कीमें

1) समुद्री भाड़ा सहायता स्कीम

वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान 77 विनिर्माता निर्यातकों को 6,57,87,403/ रुपए वितरित किए गए हैं।

2) अलंकारिक/जलजीवशाला मत्स्य/जीवित जलजीवशाला पौधों के निर्यात हेतु विकास सहायता

वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान अलंकारिक जलजीवशाला मत्स्य/जीवित जलजीवशाला पौधों के निर्यात हेतु विकास सहायता स्कीम के अंतर्गत 7 लाभार्थियों को 10.85 लाख रुपए की सहायता वितरित की गई है।

3) समूह बीमा स्कीम

वर्ष 2012-13 के दौरान मै यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. के सहयोग से 16,732 कामगारों को समुद्री खाद्य कामगार बीमा स्कीम में शामिल किया गया है और 8.37 लाख रूपए की राशि का उपयोग किया गया है।

is 1st May, 2013. The manufacturer shall be approved by relevant competent authority in India. Manufacturer should be under the effective control and surveillance of competent authority. The sanitary conditions of the manufacturer shall meet relevant provisions of the laws and regulations, standards and codes of China. The animal and plant raw materials used in the food exported to China shall come from a non-disease area. When exporting foods with possible risks of spreading animal or plant diseases to China, the competent authority of the country shall provide certification documents and relevant scientific evidence indicating that the risks have been eliminated or are under control. MPEDA have followed up the matter with EIC (the Competent Authority) and Embassy of India, Beijing on the matter. Now, it is informed by EIC that they have already forwarded the list of establishments, which are approved by Indian Competent Authority to Embassy of India, Beijing. As a result, the Embassy of India, Beijing has now informed that the CNCA plan to take a 4 member delegation to India from 7th to 14th May 2013 to undertake verification of Indian seafood manufacturers registered with CNCA.

6.1.6 Registration of exporting establishments of feed stuff/feed additives to China

General Administration of Quality Supervision, Inspection and Quarantine of the People's Republic of China (AQSIQ) has informed the Embassy of India that India is not in the list of countries/ regions allowed to export feedstuff and feedstuff additives to China. AQSIQ has further informed that fish meal can be exported from India to China in accordance with Quarantine Access Procedures for Agricultural Products to be imported to China for the first time. MPEDA, EIC and Ministry of Commerce and Industry are taking required steps to comply with the above said regulations.

6.1.7 Policy Inputs

MPEDA's views regarding constraints in importing raw materials for processing and re-processing for export in the seafood sector were forwarded to D.G.F.T and MoCI. Several meetings were conducted under the chairmanship of Secretary, MoFPI following which FSSAI has notified four additional laboratories at Kochi for testing of these samples.

6.1.8 Suggestions for Sectoral Review Meeting forwarded to DGFT for Duty exemption for import of machinery and equipments used for aquaculture operation, and increase duty free entitlement from 1% to 2% for import of specialized inputs used in marine sector.

6.1.9 Comments were provided from MPEDA for fixing of SION against Advance Authorizations for different types of marine products for import of ingredients for the purpose of availing duty exemption.

6.1.10 MPEDA circulated the trade enquiries in the industry and addressed trade & quality complaints for amicable settlement.

6.1.11 Market Service Schemes

1) Sea Freight Assistance Scheme

During the financial year 2012–13, ` 6,57,87,403/- has been disbursed to 77 manufacturer exporters.

2) Development assistance for export of ornamental/aquarium fish/live aquarium plants.

During the financial year 2012-13 an assistance of ` 10.85 lakh has been disbursed to 7 beneficiaries under the development assistance scheme for exports of ornamental aquarium fish/live aquarium plants.

3) Group Insurance Scheme

During the year 2012–13, 16,732 workers have been covered under the seafood workers insurance scheme in association with M/s. United India Insurance Company Ltd. and utilized an amount of ` 8.37 lakh.

प्रसंस्करण कार्यों में लगी हुई महिला कामगार

6.2 प्रचार एवं बाजार संवर्धन

6.2.1 विदेश में अंतर्राष्ट्रीय मेलाओं में भागीदारी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुमोदन से एम्पीडा ने वर्ष 2012-13 के दौरान निम्नलिखित 8 अंतर्राष्ट्रीय मेलाओं में भागीदारी की:

1) यूरोपियन समुद्री खाद्य प्रदर्शनी, ब्रसेल्स, 24-26, अप्रैल, 2012
2) टोक्यो, जापान में आयोजित 14 वां जापान अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खाद्य व प्रौद्योगिकी एक्सपो, 18-20 जुलाई, 2012
3) एशियन समुद्री खाद्य एक्सपो, हांगकांग, 11-13 सितंबर, 2012
4) सियाल मेला, पेरिस, 21-25 अक्तूबर, 2012
5) चीन मत्स्य एवं समुद्री खाद्य एक्सपो, क्विंगडाओ, चीन, 6-8 नवंबर, 2012
6) बुसान अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खाद्य शो, बुसान, 15-17 नवंबर, 2012
7) मध्य पूर्व एवं अफ्रीका समुद्री खाद्य प्रदर्शनी, दुबई, 19-21 नवंबर, 2012
8) अंतर्राष्ट्रीय बोस्टन समुद्री खाद्य शो, बोस्टन, 10-12 मार्च, 2013

इन मेलाओं में हमारी प्रभावी भागीदारी के जरिए एम्पीडा भारत के प्रमुख मत्स्यन संसाधनों, संभावित विश्व स्तरीय प्रसंस्करण सुविधाओं और कुल मिलाकर प्रसंस्कृत और भारत से निर्यात किए जा रहे विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन कर सका। एम्पीडा स्टॉल में प्रदर्शित मूल्यवर्धित उत्पादों से भारतीय उत्पादों की मांग का सृजन हुआ है।

- दिनांक 24-26 अप्रैल, 2012 के दौरान यूरोपीय समुद्री खाद्य एक्सपो, 2012 में इस वर्ष की भागीदारी सबसे बड़ी रही थी जिसमें कुल 448 वर्ग मीटर के दो पेवेलियन थे। ईएसई 2012 में भारतीय पेवेलियन में 24 सहप्रदर्शक थे। एम्पीडा ने बेल्जियम, यूरोपीय आयोग में समुद्री खाद्य के प्रमुख आयातकों और राजनयिकों और नीति निर्माताओं के लिए ईएसई-भारत आयोजन, एक क्रेताविक्रेता बैठक एवं लंचीय कार्यक्रम की मेजबानी भी की। अध्यक्ष, एम्पीडा ने भारतीय समुद्री परिदृश्य, एम्पीडा और गुणवत्तायुक्त निर्यातों को सुनिश्चित करने में उसकी भूमिका के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया।
- अंतर्राष्ट्रीय बोस्टन समुद्री खाद्य शो, बोस्टन, 2013 में एम्पीडा की भागीदारी का आयोजन अध्यक्ष, निदेशक (विपणन), श्री अविनाश पी जोशी, निदेशक, ईपी (एम पी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और उपनिदेशक, (पी एंड एम पी) द्वारा किया गया था। बोस्टन शो के आयोजन संबंधी कार्य का समन्वय टीपीओ, न्यूयोर्क, आवासी निदेशक के जरिए किया गया था। स्टेंड 1453 में 1000 वर्ग फीट की भारतीय पेवेलियन में 5 सहप्रदर्शक थे और उन्होंने प्रशीतित श्रिम्प मदों और मूल्यवर्धित

Women workers involved in the processing works

6.2 PUBLICITY & MARKET PROMOTION

6.2.1 Participation of International fairs abroad

With the approval of MoCI, MPEDA participated in the following 8 international fairs during 2012-13:

1) European Seafood Exposition, Brussels, 24-26, April 2012
2) 14th Japan International Seafood & Technology Expo held at Tokyo, Japan, 18-20 July 2012
3) Asian Seafood Exposition, Hong Kong 11-13, September 2012
4) Sial Fair, Paris, 21-25, October 2012
5) China Fisheries & Seafood Expo, Qingdao, China, 6-8, November 2012
6) Busan International Seafood Show, Busan 15-17, November 2012
7) The Middle East & Africa Seafood Exhibition, Dubai, 19-21, November 2012
8) International Boston Seafood Show, Boston 10-12, March 2013

Through effective participation in these fairs, MPEDA could display India's immense fishery resource, potential world class processing facilities and above all a wide range of products being processed and exported from India. Value added products displayed in MPEDA stall generated demand for Indian products.

- The year's participation in European Seafood Exposition 2012 held during 24-26, April 2012 was the largest having two pavilions of total 448 sq.m. There were 24 co-exhibitors in the India Pavilion at ESE 2012. MPEDA also hosted ESE-India event, a buyer-seller meet cum luncheon programme for major importers of Indian seafood and Diplomats/Policy Makers in Belgium, European Commission. Chairman, MPEDA made a presentation on the Indian seafood scenario, MPEDA and its role in ensuring quality exports.
- MPEDA's participation in the International Boston Seafood Show, Boston 2013 was organized by Chairman, Director (Marketing), Shri Avinash P. Joshi, Director EP(MP), MoCI, and Deputy Director (P&MP). Organisational work of the Boston Show was coordinated through TPO New York, by the Resident Director. 1000 sq.ft. India Pavilion in Stand 1453 had 5 co-exhibitors, and displayed various

समुद्री खाद्य उत्पादों की महत्ता के साथ विभिन्न समुद्री उत्पादों का प्रदर्शन किया था। एम्पीडा की स्टॉल में शीतित फिनफिश और शैलफिश का पहली बार प्रदर्शन किया गया था। पाक कला का प्रदर्शन किया गया था।

एम्पीडा ने 11 मार्च, 2013 को एक भारतीय शो का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष द्वारा भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण परिदृश्य पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया था। आमंत्रित अतिथियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई थी जिनमें आयातक, निर्यातक, एफडीए, सुपर मार्किट श्रृंखला आदि के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

उपरोक्त मेला के अलावा निर्यातकों द्वारा निम्नलिखित व्यापार मेलाओं में टेबल स्थान सुविधा प्राप्त की गई थी:

1) एशियन समुद्री खाद्य एक्सपो, हांगकांग

2) चीन मत्स्य एवं समुद्री खाद्य एक्सपो, क्विंगडाओ

3) मध्य पूर्व एवं अफ्रीका समुद्री खाद्य प्रदर्शनी, दुबई,

निर्यातकों ने प्रत्यक्ष व्यापार सौदे और पूछताछें भी की थीं।

अंतर्राष्ट्रीय बोस्टन समुद्री खाद्य प्रदर्शनी 2013 के एम पी ई डी ए पविलियन में श्रीमती मोनिका बत्रा, आवासी निदेशक, सुश्री लीना नायर, अध्यक्ष, एम पी ई डी ए और श्री अविनाश पी. जोषी, निदेशक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के साथ चर्चा करते हुए डॉ मोहम्मद आयूब, निदेशक, इन्फोफिश (बाएं से दाएं)



अंतर्राष्ट्रीय बोस्टन समुद्री खाद्य प्रदर्शनी 2013 में संदर्शकों के साथ बातचीत करते हुए श्री एन. रमेश, आई टी एस, निदेशक (विपणन)

marine products with prominence to frozen Shrimp items and value added seafood products. Chilled finfish and shellfish were displayed for the first time in the MPEDA stall along with cooking demonstration.

MPEDA organised an India Show on 11th March 2013 which had a presentation by Chairman on the Indian seafood production and processing scenario. Invited guests comprising importers, exporters, senior officials of FDA, supermarket chains etc graced the gathering.

Apart from the above fair, table space facility was availed by the exporters in the following international fairs:-

1) Asian Seafood Exposition, Hong Kong
2) China Fisheries & Seafood Expo, Qingdao
3) The Middle East & Africa Seafood Exhibition, Dubai.

Exporters also had direct business dealings and enquiries.

Dr. Mohammed Ayub, Director INFOFISH in discussion with Mrs. Monika Batra, Resident Director, Ms. Leena Nair, Chairman MPEDA and Shri Avinash P. Joshi, Director MoCI in MPEDA Pavilion at International Boston Seafood Show 2013 (L - R)



Shri N. Ramesh, ITS, Director (Marketing) interact with visitors at International Boston Seafood Show 2013

अध्यक्ष, एम पी ई डी ए चीन फिशरीस एवं अक्वाकल्चर एक्स्पो, डेलियन में संदर्शकों के साथ

चीन फिशरीस एवं अक्वाकल्चर एक्स्पो, डेलियन में एम पी ई डी ए पविलियन का एक दृश्य

चीन फिशरीस एवं अक्वाकल्चर एक्स्पो, डेलियन में एम पी ई डी ए स्टैन्ड में प्रदर्शित शीतित मत्स्य

Chairman, MPEDA attends the visitors in China Fisheries and Aquaculture Expo, Dalian

A view of MPEDA Pavilion in China Fisheries and Aquaculture Expo, Dalian

Chilled fish displayed in MPEDA Stand at China Fisheries and Aquaculture Expo, Dalian

एशियन सीफुड एक्स्पोसिशन 2012, होंगकोंग में एम पी ई डी ए स्टॉल में संदर्शकों का स्वागत करते हुए श्री राजकण्णु, डेस्क अधिकारी नि.सं (वि.सं), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, श्री पी. अनिल कुमार, उप निदेशक एवं श्री पी.वी. बेबी, सहायक निदेशक (दाएं से बाएं)

सीफेक्स, दुबई में एम पी ई डी ए की भागीदारी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने निम्नलिखित मेलाओं में भागीदारी को भी अनुमोदित किया है और एम्पीडा भागीदारी व्यवस्थाएं कर रहा है।

1) यूरोपीय समुद्री खाद्य एक्सपो, ब्रसेल्स, 23-25 अप्रैल, 2013
2) अक्वारामा, सिंगापुर, 30 मई - 3 जून, 2013

6.2.2 घरेलू मेलाओं में भागीदारी

मात्स्यिकी, जल कृषि और अलंकारिक मत्स्य क्षेत्रों की व्यापक संभावना का प्रचारप्रसार करने एवं इस क्षेत्र में निवेश के अवसरों को रेखांकित करने के लिए एम्पीडा ने इस अवधि के दौरान निम्नलिखित 11 घरेलू मेलाओं में भागीदारी की।

1) चेन्नई में आहार 2012, 23-25 मई, 2012
2) फाइन फूड इंडिया, नई दिल्ली, 17-19 सितंबर, 2012
3) हैदराबाद में भारतीय शीत श्रृंखला सम्मेलन, 2012, 22-23 नवंबर, 2012
4) कोच्चि में स्वाश्रय भारत, 2012, 30 नवंबर - 5 दिसंबर, 2012
5) भारतीय जैव विविधता कांग्रेस, 8-11 दिसंबर, 2012, बंगलौर

(R to L) Shri R. Rajakannu, Desk Officer - EP (MP), MoCI, Shri P. Anil Kumar, Deputy Director and Shri P.V. Baby Assistant Director receive visitors at MPEDA Stall in Asian Seafood Exposition - 2012, Hong Kong

MPEDA Participation in SEAFEX, Dubai

MoCI have also approved participation in the following fairs and MPEDA is making arrangements for the participation.

1) European Seafood Exposition, Brussels 23-25, April 2013

2) Aquarama, Singapore May 30 - June 3, 2013

6.2.2 Participation of domestic fairs

In order to disseminate the vast potential of the fisheries, aquaculture and ornamental fish sectors and to highlight investment opportunities in this field, MPEDA participated in the following 11 domestic fairs during this period.

1) Aahar 2012, 23-25 August 2012 at Chennai

2) Fine Food India, New Delhi 17-19, September 2012

3) India Cold Chain Summit 2012 at Hyderabad 22-23, November 2012

4) Swasraya Bharat 2012 at Kochi 30th November - 5th December 2012

5) Indian Biodiversity Congress, 8 – 11, December 2012 at Bangalore

6) भारत-आसियान व्यापार मेला 18-20 दिसंबर, 2012, नई दिल्ली

7) कृषक मेला 26 दिसंबर, 2012-5 जनवरी, 2013, तोडुपुझा

8) सुन्दरवन क्रिस्ती मेला ओ-लोको संस्कृति उत्सव 20-29 दिसंबर, 2012, पश्चिम बंगाल

9) कोलकाता में 100 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस, 3-7 जनवरी, 2013

10) बास्को, गोरेगांव में 4 से 7 जनवरी, 2013 तक वैश्विक कोंकण महोत्सव, 2013

इसके अलावा, एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा 27-28 फरवरी, 2013 के दौरान आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार सम्मेलन एवं नेट कार्य 2013 एवं पश्चिम बंगाल में सुदरवन क्रिस्ती मेला ओ-लोको संस्कृति उत्सव 20-29 दिसंबर, 2012 हेतु प्रायोजकता प्रदान की गई थी।

6.2.3 इन्फोफिश बैठकें

- अध्यक्ष, एपीडा ने 3-5 जुलाई, 2012 के दौरान क्वालालंपुर, मलेशिया में आयोजित इन्फोफिश तकनीकी सलाहकार बोर्ड की बैठक में भाग लिया।
- संयुक्त सचिव-ईपी (एमपी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 27-30 नवंबर, 2012 के दौरान मनीला, फिलीपींस में आयोजित इन्फोफिश शासी परिषद की बैठक में भाग लिया।

6.2.4 प्रेस सम्मेलन

कोच्चि में 10 सितंबर, 2012 को "वर्ष 2011-12 की अवधि के लिए समुद्री उत्पादों की निर्यात सांख्यिकी" की सरकारी घोषणा करने के लिए अध्यक्ष के प्रेस सम्मेलन हेतु व्यवस्थाओं का समन्वय किया।

6.2.5 प्रतिनिधि मंडलों का संदर्शन

1) अध्यक्ष, एम्पीडा को 14 से 18 जनवरी, 2013 तक यु एस ए को श्रिम्प के भारतीय निर्यातों के बारे में सीवीडी जांच के संबंध में विचारविमर्श में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी, यु एस ए में प्रतिनियुक्त किया गया।

2) एक्वा एक्वेरिया इंडिया, 2013 के दौरान अलंकारिक मत्स्य एवं जल कृषि पर आयोजित तकनीकी सत्रों के लिए भारत और विदेश के तकनीकी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया।

3) विजयवाड़ा में एक्वा एक्वेरिया इंडिया, 2013 के दौरान अलंकारिक मत्स्य हेतु एक क्रेता विक्रेता बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें 3 विदेशी और 13 राष्ट्रीय क्रेताओं ने भाग लिया।

4) दिनांक 2-6 सितंबर, 2012 के दौरान एथॉक्सीक्विन के कारण समुद्री खाद्य अस्वीकार किए जाने के बारे में जापानी प्राधिकारियों के साथ विचारविमर्श करने के लिए उप निदेशक (पी एंड एम पी) को जापान में प्रतिनियुक्त किया गया।

टोकियो, जापान में माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, श्री आनन्द शर्मा का स्वागत करते हुए डॉ राम मोहन एम.के., आवासी निदेशक, एम पी ई डी ए, टोकियो

6) India-ASEAN Business Fair - 18-20, December 2012 at New Delhi

7) Karshika Mela - 26 December 2012 – 5th January 2013, at Thodupuzha

8) Sunderban Kristi Mela-O-Loko Sanskriti Utsab – 20–29, December 2012 at West Bengal.

9) 100th Indian Science Congress at Kolkata, 3-7, January 2013

10) Global Konkan Festival 2013 at BASCO, Goregaon from 4th to 7th January 2013.

Besides, Sponsorship was offered for the International Conference on Telecommunications & NET work 2013 held during 27-28, February 2013 organized by Amity University, Uttar Pradesh and Sunderban Kristi Mela-O-Loko Sanskriti Utsab – 20–29, December 2012 at West Bengal.

6.2.3 INFOFISH meetings

- Chairman, MPEDA attended the INFOFISH Technical Advisory Board meeting held at Kuala Lumpur, Malaysia, during 3-5 July 2012.
- Joint Secretary-EP (MP), MoCI attended the INFOFISH Governing Council meeting held at Manila, Philippines during 27-30 November 2012.

6.2.4 Press Conference

Coordinated the arrangements for the Chairman's Press Conference to declare official "Export Statistics of Marine Products for the period 2011-12" at Kochi on 10th September 2012.

6.2.5 Delegation visit.

1) Chairman, MPEDA was deputed to Washington DC, USA for participation in the discussions relating to CVD Investigation on Indian Export of Shrimps to USA from 14th to 18th January 2013.

2) Technical experts from India and abroad were invited for the technical sessions on ornamental fisheries and aquaculture conducted during Aqua Aquaria India 2013.

3) A buyer seller meet was also arranged for ornamental fishes in which 3 overseas and 13 national buyers participated during the Aqua Aquaria India 2013 at Vijayawada.

4) Deputy Director (P&MP) was deputed to Japan for holding discussions with Japanese authorities regarding the rejection of seafood due to Ethoxyquin during 2 – 6, September 2012

Dr. Ram Mohan M. K., Resident Director, MPEDA Tokyo receives Mr. Anand Sharma, Hon'ble Minister of Commerce & Industry at Tokyo, Japan

6.2.6 छात्रों के दौरे

- वर्ष 2013 के दौरान 22 शैक्षिक एवं मात्स्यिकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने एम्पीडा का संदर्शन किया। उन्हें एम्पीडा के कार्यकलापों के बारे में संक्षेप में बताया गया।
- इसके अलावा, एम्पीडा का संदर्शन करने वाले लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के आई ए एस अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के एक बैच को एम्पीडा के कार्यकलापों के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई।
- मैट्रो कनाडा के एक निर्यातक और आपूर्तिकर्ता श्री क्लाउड लरोसे, निदेशक, प्राकृतिक मत्स्य एवं समुद्री खाद्य प्रापण ने ओटावा में 13-14 मार्च, 2012 के दौरान आयोजित ब्रांड इंडिया एक्सपो में एम्पीडा पेवेलियन के उनके दौरे के आधार पर मई, 2012 के दौरान भारत का दौरा किया। अलगअलग स्टालों और प्रसंस्करण इकाइयों में उनके संदर्शन की मदद की गई।

6.2.7 प्रकाशनों का मुद्रण

वर्ष के दौरान निम्नलिखित मुफ्त और समूल्य प्रकाशनों के संशोधित संस्करण प्रकाशित किए गए थे:

- डिजिटल निर्यातक निर्देशिका, 2012
- यूरोपीय समुद्री खाद्य एक्सपो एवं चीनी मात्स्यिकी तथा समुद्री खाद्य एक्सपो, 2012 के लिए सहप्रदर्शक मार्गदर्शिका।
- ईएसई, 2012 के लिए पेवेलियन संदर्भ लेआउट
- भारत-अवसरों का महासागर स्नैपशोट
- चिरस्थायिता के साथ निर्यात-पुस्तिका
- ओ एफ डी स्कीम पुस्तिका
- अलंकारिक मत्स्य चार्ट
- भारतीय समुद्री खाद्य उत्पाद सूची
- भारत की वाणिज्यिक फिनफिश एवं शैलफिश
- अलंकारिक मत्स्य विकास स्कीमों पर एम्पीडा पुस्तिका का हिंदी रूपांतर
- नव वर्ष बधाई पत्र, 2013
- एम्पीडा प्लानर, 2013
- अक्वा अक्वेरिया इंडिया, 2013 की मुद्रित मेला सूची एवं स्मारिका
- जीवंत रत्न-मीठा जल अलंकारिक मत्स्य पर एक हस्त पुस्तिका
- कीचड़ केकड़ा का प्रजनन, बीजोत्पादन एवं कृषि
- कोबिया का हैचरी बीजोत्पादन एवं कृषि-पहल
- भारत में पालित श्रिम्प एवं झींगों के रोग
- खारा जलकृषि में रोग

इसके अलावा, प्रकाशित अन्य संवर्धनात्मक साधनों में शामिल हैं:

- विभिन्न घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय मेलों की पृष्ठपट (बैकड्रौप्स)
- कैरी बैग्स, बुने न गए फैबलोन बैग्स
- एम्पीडा चिन्ह और गुणवत्ता लोगो वाले पेपर कैरी बैग्स
- विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में विज्ञापन हेतु डिजाइनें

6.2.6 Visit of students

- Students from 22 Educational/Fisheries Institutions visited MPEDA during 2013. They were briefed on the activities of MPEDA.
- Besides, one batch of IAS officer trainees from the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration who visited MPEDA was briefed on MPEDA activities.
- Mr. Claude Larose, Director, Procurement Nature Fish & Seafood an exporter and supplier for Metro Canada, visited India during May 2012 based on his visit to MPEDA pavilion at Brand India Expo at Ottawa held during 13-14, March 2012. Assisted him on his visits to different stalls and processing units.

6.2.7 Printing of publications

The revised editions of the following free and priced publications were brought out during the year:-

- Digital Exporters Directory 2012
- Co-exhibitors Guide for European Seafood Exposition and China Fisheries and Seafood Expo 2012.
- Pavilion reference layout for ESE 2012
- India – An ocean of opportunities – snapshot
- Export with sustainability – brochure
- OFD Scheme brochure
- Ornamental Fish Chart
- Indian Seafood Product Catalogue
- Commercial fin fishes and Shell fishes of India
- Hindi version of MPEDA brochure on Ornamental Fish Development Schemes
- New Year Greeting Cards 2013
- MPEDA Planner 2013
- Printed Fair Catalogue & Souvenir of Aqua Aquaria India 2013
- Living Jewels - A hand book on freshwater ornamental fish
- Breeding, Seed production & farming of Mud Crab
- Hatchery Seed Production and Farming of Cobia-initiative
- Diseases of cultured Shrimp and prawns in India
- Disease in Brackish water aquaculture

Besides, other promotional aids brought out include: -

- Backdrops for various Domestic / International fairs
- Carry bags, Non woven fablon bags
- Paper Carry bags with MPEDA emblem and Quality Logo.
- Designs for advertisement in various national and international journals.

6.2.8 विज्ञापन जारी करना

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान प्रमुख मात्स्यिकी पत्रिकाओं, जर्नलों आदि में 55 बाह्य विज्ञापन और 121 आंतरिक विज्ञापन जारी किए गए थे।

6.2.9 प्रकाशन एवं एम्पीडा समाचार पत्रिका की बिक्री

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्रकाशनों की बिक्री से 1,30,015 रूपए की राशि एकत्र की गई थी।

एम्पीडा समाचार पत्रिका के 12 अंक प्रकाशित किए गए।

6.2.10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में सदस्यता

- इन्फोफिश को वार्षिक सदस्य देश का अंशदान
- ऑर्नामेंटल फिश इंटरनेशनल नेतरलैन्ड की सदस्यता का नवीकरण

6.2.11 अक्वा अक्वेरिया इंडिया 2013

एम्पीडा द्वारा विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश स्थित आंध्रा लोयोला कॉलेज परिसर में 8-10 फरवरी, 2013 के दौरान अक्वा अक्वेरिया इंडिया 2013 के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया गया था। इस 3 दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जल कृषि एवं अलंकारिक मत्स्य पालन विशेषज्ञों द्वारा आयोजित तकनीकी सत्र, सरकारी विभागों, सहकारी समितियों एवं एसोसिएशनों के अलावा विभिन्न पणधारियों तथा आपूर्तिकर्ताओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी शामिल थी। इस आयोजन का उद्घाटन डा. दग्गूबती पुरन्देश्वरी, माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री द्वारा 8.2.2013 को किया गया था। इसमें 154 प्रदर्शक स्टॉल लगाए गए थे। इस आयोजन में लगभग 5,000 प्रतिनिधियों और 4800 आगंतुकों ने भाग लिया था।

तकनीकी सत्रः

अक्वा अक्वेरिया इंडिया 2013 के दौरान अलंकारिक मत्स्य कृषकों/प्रजनकों एवं निर्यातकों के लाभार्थ एम्पीडा ने तकनीकी सत्रों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किए गए थे। ये थेः अलंकारिक मत्स्य का निर्यात-बाजार प्रवृतियां व चिरस्थायिता, अलंकारिक मत्स्य व्यापार में / विपणन कार्यनीतियों की भूमिका, समुद्री अलंकारिक मत्स्य कृषि की संभावना, मीठा जल अलंकारिक मत्स्य पालन में विकास, अलंकारिक मत्स्य व्यापार में प्रौद्योगिकीय उन्नति। इन सत्रों का संचालन वक्ताओं, नामतः नॉर्वे के श्री स्वायन फोसा, श्रीलंका के श्री कपिल तिसेरा, कुसाट, कोच्चि के डा. ए. रामचन्द्रन, पुर्तगाल के डॉ. रिकॉर्डो कलेडो, अन्नामलई विश्वविद्यालय, मदुरई के डा. टी.टी. अजीत कुमार, आस्ट्रेलिया के श्री ब्रायन एन्ड्रूस, जर्मनी के श्री हैंस जार्ज ईवर्स, सिंगापुर के श्री एन्ड्रू सोह और ज़ाम्बिया की सुश्री नेली स्तोयानोवा द्वारा किया गया था।

सुश्री लीना नायर, आई ए एस, अध्यक्ष, एम पी ई डी ए अक्वा अक्वेरिया 2013 विजयवाडा में स्वागत भाषण देती हैं

6.2.8 Release of advertisement

During the period under report, 55 External advertisements and 121 Internal advertisements were released in leading fisheries magazines, journals, etc.

6.2.9 Sale of publication & MPEDA Newsletter

An amount of ` 1,30,015/- was collected by sale of publications during the year under report.

Brought out 12 issues of MPEDA News letter.

6.2.10 Membership in international organizations

- ❖ Annual Membership country contribution to INFOFISH.
- ❖ Renewal of membership of Ornamental Fish International, Netherland.

6.2.11 Aqua Aquaria India 2013

The second edition of AQUA AQUARIA INDIA 2013 was organized by MPEDA from 8 – 10, February 2013 in the Andhra Loyola College Campus in Vijayawada, Andhra Pradesh. The 3-day event comprised technical sessions conducted by national and international experts on aquaculture and ornamental fish culture, exhibition by various stake holders and suppliers, besides government departments, cooperatives and associations. The event was inaugurated by Dr. Daggubati Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry on 8.2.2013. There were 154 exhibitor stalls. Around 5000 delegates and 4800 visitors attended the event.

Technical session:

During Aqua Aquaria India - 2013, MPEDA organized technical sessions for the benefit of the farmers/ breeders and exporters of Ornamental fish. There were 4 sessions in the programme. They were: Ornamental Fish Export- Market Trends & Sustainability/ Role of Marketing Strategies in Ornamental Fish Trade, Prospects of Marine Ornamental Fish Farming; Advances in Freshwater Ornamental Fish Culture & Technological Advances in Ornamental Fish Trade. The sessions were handled by speakers viz. Mr. Svein Fossa from Norway, Mr. Kapila Tissera from Sri Lanka, Dr. A. Ramachandran of CUSAT, Kochi, Dr. Ricardo Calado from Portugal, Dr. T.T. Ajith Kumar of Annamalai University, Madurai, Mr. Brian Andrews from Australia, Mr. Hans-Georg Evers from Germany, Mr. Andrew Soh from Singapore and Ms. Neli Stoyanova from Zambia.

Ms. Leena Nair, IAS, Chairman MPEDA delivering the Welcome address at Aqua Aquaria 2013, Vijayawada

माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री डॉ. डी. पुरन्देश्वरी विजयवाडा के अक्वा अक्वेरिया 2013 का उद्घाटन करती हैं

माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री डॉ. डी. पुरन्देश्वरी अक्वा अक्वेरिया 2013 में उद्घाटन भाषण देती हैं

अक्वा अक्वेरिया इंडिया 2013 के उद्घाटन सत्र की सभा

Dr. D. Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry inaugurating the Aqua Aquaria 2013 at Vijayawada

Inaugural address by Dr. D. Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry at Aqua Aquaria 2013

Audience in the inaugural session of Aqua Aquaria India 2013

क्रेता-विक्रेता बैठकें:

अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रेताओं के लिए अलग से क्रेताविक्रेता बैठक आयोजित की गई थीं जिनमें क्रमशः 3 अंतर्राष्ट्रीय क्रेताओं और 6 भारतीय क्रेताओं ने भाग लिया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रेताओं में शामिल थे मे. एस वी एक्वेरियम एलएलसी, दुबई; मे. एक्वेरियम लाइव्ज़ सेंटर एलएलसी, अबूधाबी और मे. एमएई एक्वेटिक्स पीटीई लि., सिंगापुर। अंतर्राष्ट्रीय क्रेताविक्रेता बैठक में 19 भारतीय विक्रेताओं ने भाग लिया था।

घरेलू क्रेता थे मे. ओशियन इंटरप्राइज़ेज़, मध्यप्रदेश.; मे. ट्राइडेंट इंटरनेशनल, मुंबई; मे. अर्पिता इन्फ्राकोन प्रा. लि., सिंकन्दराबाद; मे. उटेकर फिशरीज, मुंबई; मे. गगन एक्वेरियस, हिमाचल प्रदेश; मे. ब्लू गोल्डफिश फार्म, हिमाचल प्रदेश और मे. जे. के. एक्वेटिक जोन, कर्नाटक। इस क्रेताविक्रेता बैठक में कुल मिलाकर अलंकारिक मत्स्य के 13 घरेलू विक्रेताओं ने भाग लिया था।

माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री डॉ. डी. पुरन्देश्वरी अक्वा अक्वेरिया 2013 के प्रदर्शनी स्टॉलों का उद्घाटन करती हैं

माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री डॉ. डी. पुरन्देश्वरी अक्वा अक्वेरिया 2013 आर जी सी ए पविलियन में बातचीत करती हैं

Buyer- Seller meets:

There were separate buyer-seller meet for international and domestic buyers and were attended by 3 international buyers and 6 Indian buyers respectively. International buyers include M/s. S. V. Aquarium LLC, Dubai; M/s. Aquarium Lives Centre LLC, Abu Dhabi and M/s MAE Aquatics Pte. Ltd., Singapore. The international buyer-seller meet was attended by 19 Indian sellers.

The domestic buyers were M/s. Ocean Enterprises, Madhya Pradesh; M/s. Trident International, Mumbai; M/s. Arpitha Infracon Pvt. Ltd, Secunderabad; M/s. Utekar Fisheries, Mumbai; M/s. Gagan Aquarias, Himachal Pradesh; M/s. Blue Gold Fish Farm, Himachal Pradesh and M/s. J. K. Aquatic Zone, Karnataka. Altogether 13 domestic sellers of Ornamental Fish participated in this buyer-seller meet.

Dr. D. Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry inaugurating the Exhibition Stalls - Aqua Aquaria 2013

Dr. D. Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry interacting at RGCA Pavilion in Aqua Aquaria 2013

माननीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री डॉ. डी. पुरन्देश्वरी आर जी सी ए थीम पविलियन में

अक्वा अक्वेरिया 2013 के आर जी सी ए पविलियन में संदर्शकों का एक दृश्य

पुरस्कार विजेताओं की सूची - ए ए आई 2013

क्र.सं.	पुरस्कार विजेताओं का नाम	पुरस्कार
1	सुश्री कल्पना बेन एन. टंडेल, कोसाम्बा, वल्साड जिला, गुजरात	सर्वोत्तम टाइगर श्रिम्प कृषक
2	श्री गडिराजू रामाकृष्णम राजू, केसनाकरुपालम, पोलावरम मंडल, पूर्व गोदावरी जिला, आंध्रा प्रदेश	दूसरा सर्वोत्तम टाइगर श्रिम्प कृषक
3	मे. आशादीप एक्वाकल्चर प्रा. लि., बालासोर के श्री संदीप चक्रवर्ती	सर्वोत्तम एल. वन्नमई कृषक
4	श्री शांतिलाल आई. पटेल, जहांगीरपुरा, सूरत, गुजरात	द्वितीय सर्वोत्तम एल वन्नमई कृषक
5	मे. ऑनवे इंड. लि., नवसारी, जिला, गुजरात के श्री साजीचाको	सर्वोत्तम एल. वेन्नामाई कॉर्पोरेट कृषक
6	श्री चेल्लप्पा, अध्यक्ष मे. लगून एक्वा फामर्स वेलफेयर सोसायटी, जम्बूवनोदय, तिरूवारूर जिला, तमिलनाडु	सर्वोत्तम श्रिम्प कृषि सोसायटी
7	मे. सरावती सिगडी कृषिकारा संघ, हल्दीपुर, हेनोवर, कर्नाटक	द्वितीय सर्वोत्तम श्रिम्प कृषि सोसायटी
8	कत्तूर गांव, तिरूवल्लूर जिला, तमिलनाडु के श्री जे. सिवगनानम	सर्वोत्तम स्कैम्पी कृषक
9	श्री सी.के. सुधाकरन, पुल्लुट, त्रिशूर जिला, केरल	सर्वोत्तम कीचड़ केकड़ा कृषक (प्रोत्साहन)
10	वेदारण्यम, नागापट्टिनम जिला, तमिलनाडु के श्री जे. सेंथिल कुमार	सर्वोत्तम खारा जल फिनफिश कृषक (प्रोत्साहन)
11	अनापुष़ा, केरल के श्री वी.एफ. बर्नबास	द्वितीय सर्वोत्तम खारा जल फिनफिश कृषक (प्रोत्साहन)
12	मे. सोना श्रिम्प हैचरीज, चेत्तिनानगर, टिंडीवनम तालुक, तमिनाडु के श्री सी. वेंकटरामन	सर्वोत्तम टाइगर श्रिम्प उत्पित्तशाला
13	मै. अल्फा हैचरीज, कोरातुरू नेल्लूर जिला, आंध्रप्रदेश के श्री सुधाकर	सर्वोत्तम एल.वेन्नामाई उत्पित्तशाला

Dr. D. Purandeswari, Hon'ble Minister of State for Commerce & Industry in RGCA Theme Pavilion

A view of visitors at RGCA Pavilion in Aqua Aquaria 2013

List of Awardees - AAI 2013

Sl. No.	Name of the Awardees	Award
1	Ms. Kalpanaben N. Tandel, Kosamba, Valsad Dist., Gujarat	Best Tiger Shrimp Farmer
2	Shri Gadiraju Rama krishnam Raju, Kesanakurupalem, 1-Polavram Mandal, East Godavari Dist., Andra Pradesh	Second Best Tiger Shrimp Farmer
3	Shri Sandip Chakraborty of M/s. Ashadeep Aquaculture Pvt Ltd, Balasore.	Best *L. vannamei* Farmer
4	Shri Shantilal Patel, Jahangir pura, Surat, Gujarat	Second Best L. vannamei Farmer
5	Shri Saji Chacko of M/s. Onaway Industries Ltd, Navsari Dist of Gujarat.	Best *L. vannamei* Corporate Farmer
6	Shri Chellappa, President of M/s. Lagoon Aqua Farmers Welfare Society, Jambuvanodai, Tiruvarur District, Tamil Nadu	Best Shrimp Farming Society
7	Shri K.S. Gowda of M/s. Sharavati Sigadi Krashikara Sanga, Haldipur, Honavar, Karnataka	Second Best Shrimp Farming Society
8	Shri J. Sivagnanam of Kattur Village, Thiruvallur Dt. of Tamil Nadu	Best Scampi Farmer
9	Shri C. K. Sudhakaran, Pullut, Thrissur District, Kerala	Best Mud Crab Farmer (Encouragement)
10	Shri J. Senthil Kumar of Vedaranyam, Nagapattinam District, Tamil Nadu	Best Brackishwater Finfish Farmer (Encouragement)
11	Shri V. F. Barnabas of Anapuzha, Kerala	Second Best Brackishwater Finfish Farmer (Encouragement)
12	Shri C. Venkataraman of M/s. Sona Shrimp Hatcheries, of Chettinanager, Tindivanam Taluk of Tamil Nadu	Best Tiger Shrimp Hatchery
13	Shri Sudhakar of M/s. Alpha Hatcheries, Koraturu, Nellore District of Andhra Pradesh	Best *L. vannamei* hatchery

14	मै. वैसखी बायोरिर्सोसेज (प्रा.) लि. के श्री रबि कुमार येलंकी	द्वितीय सर्वोत्तम एल. वेन्नामाई उत्पित्तशाला
15	मै. तिरूमाला वेंकटेश्वर एक्वा फामर्स वेलफेयर सोसायटी, निजामपट्टनम, गुंटूर जिला,आंध्र प्रदेश के श्री वी. वेंकटेशवर	श्रिम्क कृषि सोसायटी से सर्वोत्तम कृषक
16	श्री विघ्नेश्वर एक्वा फामर्स वेलफेयर सोसायटी, टंगूटुरू प्रकाशन जिला, आंध्र प्रदेश के श्री पामिदीसुब्बानायडू	द्वितीय श्रिम्क कृषि सोसायटी से सर्वोत्तम कृषक
17	लक्ष्मीपुरम, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश के श्री दिंताकुर्ती मधुसूदन राव,	सर्वोत्तम जैविक श्रिम्क कृषक
18	वेटाकट्टूसेरी, वालामंगलम, अलपुझा जिला,केरल के श्री जार्ज एलेक्जेंडर	द्वितीयजैविक श्रिम्क कृषक
19	मै. प्रयास इन्फोटैक हाइराइज लि., नेहाटी, पश्रचिम बंगाल के श्री सुदीपदेवनाथ	सर्वोत्तम अलंकारिक मत्स्य फार्म (बड़ा)
20	मै. सिद्ध एक्वा, तूतीकोरिन, तमिलनाडु के श्री जी. श्रवरणन	द्वितीय अलंकारिक मत्स्य फार्म (बड़ा)
21	हंस एक्वा, मानगांव, रायग़ढ जिला, महाराष्ट्र के श्री हसन महासलाय	द्वितीय अलंकारिक मत्स्य फार्म (बड़ा)
22	मै. एक्वापेट्स इंटरनेशनल, पनाचीकल, कोझीकोड, केरल के श्री अलेक्स जॉर्ज	सर्वोत्तम अलंकारिक मत्स्य फार्म (मध्यम)

7.0 कैप्चर मात्स्यिकी

कैप्चर मात्स्यिकी अत्यंत विविधीकृत है जिसमें बड़ी संख्या में ऐसी मात्स्यिकी शामिल है, जो वर्गीकरण के विभिन्न स्तरों द्वारा श्रेणीबद्ध हैं। मत्स्य ग्रहण का योगदान मूल्य के अनुसार भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात के 71 प्रतिशत से अधिक और मात्रा के अनुसार 88 प्रतिशत से अधिक है।

देश से समुद्री उत्पादों के चिरस्थाई निर्यात उत्पादन हेतु कैप्चर मात्स्यिकी का संवर्धन करने के लिए एम्पीडा निम्नलिखित स्कीमों का कार्यान्वयन करता आ रहा है:

7.1 ट्यूना मत्स्यन एवं कम दोहन किए गए अन्य संसाधनों का संवर्धन (मत्स्यन जलयानों का ट्यूना लॉंग लाइनरों में परिवर्तन)

कम दोहन किए गभीर सागर ट्यूना संसाधनों के दोहन को प्रोत्साहित करने के लिए एम्पीडा द्वारा मत्स्यन जलयानों के मालिकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर "मौजूदा मत्स्यन जलयानों के ट्यूना लॉंग लाइनरों में परिवर्तन" की स्कीम का कार्यान्वयन किया जा रहा है। भारत के महासागरीय जल में ट्यूना की उच्च संभावना के कारण श्रिम्प ट्रालर मालिक ट्यूना मत्स्यन की ओर आकर्षित हुए और इससे अधिक दोहन किए गए महाद्वीपीय शेल्फ से महासागरीय जल में मत्स्यन का विविधीकरण करने में मदद मिली है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान मत्स्यन जलयानों का ट्यूना लॉंगलाइनरों में परिवर्तन करने के लिए चेन्नई क्षेत्र के 60 मत्स्यन जलयान मालिकों को सब्सिडी के रूप में ` 215.04 लाख की राशि वितरित की गई थी।

7.2 "पकड के बेहतर परिरक्षण" हेतु मछुवारों को सहायता (फिश होल्ड की स्थापना हेतु सब्सिडी)

इस स्कीम में जलयानों पर "पकड के बेहतर परिरक्षण" में मछुवारों को सहायता प्रदान करना और इस प्रकार निर्यात संवर्धन को बढ़ाने की परिकल्पना की गई है। इस स्कीम से फसलोत्तर हानि को कम कर और दूरवर्ती जल में बहुदिवसीय मत्स्यन को प्रोत्साहित कर मछुवारों को अधिक राजस्व प्राप्त करने में भी मदद मिली।

मत्स्यन जलयानों पर इन्सुलेटिड फिश होल्ड की स्थापना हेतु 158 मत्स्यन जलयान मालिकों को सब्सिडी के रू में 98.60 लाख रूपए की राशि वितरित की गई थी।

14	Shri Ravi Kumar Yellanki, of M/s. Vaiskhi Bioresources (P) Ltd.	Second Best *L. vannamei* Hatchery
15	Shri V. Venkateswara Rao of M/s. Thirumala Venkateswara Aqua Farmers Welfare Society, Nizamapatnam, Guntur District, Andhra Pradesh	Best Farmers from Shrimp Farming Society
16	Shri Pamidi Subbanaidu, of Sri Vigneswara Aqua Farmers Welfare Society, Tanguturu, Prakasam District, Andhra Pradesh	Second Best Farmer from Shrimp Farming Society
17	Shri Dintakurthi Madhusudhana Rao, of Lakshmipuram, Krishna District of Andhra Pradesh	Best Organic Shrimp Farmer
18	Shri George Alexander of Vattakkattussery, Valamangalam, Alappuzha District, Kerala	Second Organic Shrimp Farmer
19	Shri Sudip Debnath, of M/s. Prayag Infotech HiRise Ltd, Naihati, West Bengal	Best Ornamental Fish Farm(Large Scale)
20	Shri G. Saravanan, of M/s. Sidha Aqua, Tuticorin, Tamil Nadu	Second Best Ornamental Fish Farm (Large Scale)
21	Shri Hasan Mhaslai of Hans Aqua, Maangaon, Raigad District, Maharashtra	Second Best Ornamental Fish Farm (Large Scale)
22	Shri Alex George of M/s.Aquapets International, Panachikal, Kozhikode, Kerala	Best Ornamental Fish Farm (Medium Scale)

7.0 CAPTURE FISHERIES

Capture fisheries are extremely diversified, comprising a large number of fisheries that are categorized by different levels of classification. Capture fisheries contribute more than 71% of seafood export of India value wise and more than 88% quantity wise.

To promote the capture fisheries for sustained export production of marine products from the country, MPEDA has been implementing the following schemes: -

7.1 Promotion of fishing of Tuna and other under exploited resources (Conversion of fishing vessels to Tuna Long liners)

For encouraging the exploitation of under exploited Deep-sea Tuna resources, MPEDA has been implementing the scheme "Conversion of existing Fishing Vessels to Tuna Longliners" by providing financial assistance to the fishing vessel owners. High potential for Tuna in the oceanic waters of India attracted the Shrimp trawler owners to Tuna fisheries and also it helped to diversify the fishing from over exploited continental shelf area to oceanic waters.

During the year under report, an amount of ` 215.04 lakh was disbursed as subsidy to 60 fishing vessel owners from Chennai Region for conversion of fishing vessels to Tuna Longliners.

7.2 Assistance to fishermen for 'Better preservation of Catch' (Subsidy for installation of fish hold)

The scheme envisages assisting fishermen in 'Better preservation of Catch' onboard vessels and thereby augmenting export production. The scheme also helped fishermen to get more revenue for the catch by reducing post harvest loss and encourage multiday fishing in distant waters.

An amount of ` 98.60 lakh was disbursed as subsidy to 158 fishing vessel owners for the installation of insulated fish hold on board fishing vessels.

7.3 समुद्री संसाधनों का संरक्षण - पकड प्रमाणन पत्र योजना

यूरोपीय संघ विनिमय 1005/2008 का कार्यान्वयन 1 जनवरी 2010 से यूरोपीय संघ को समुद्री खाद्य के निर्यात के लिए पकड प्रमाण पत्र के विधिमान्यीकरण की मांग करता है। भारत सरकार द्वारा मत्स्य ग्रहण प्रमाणपत्र के विधिमान्यीकरण हेतु एम्पीडा को प्राधिकृत किया गया है। एम्पीडा ने पकड प्रमाणन कार्य को सुकर बनाने के लिए प्रमुख मत्स्य उतराई केन्द्रों और मत्स्य ग्रहण मत्स्यन बंदरगाहों पर संविदा आधार पर 44 डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं 14 बंदरगाह आंकड़ा संग्रहणकर्ता (प्रशिक्षणार्थी) तैनात किए हैं। हमने पकड प्रमाण पत्र के ऑन लाइन आवेदन में निर्यातकों एवं एम्पीडा अधिकारियों के लाभार्थ कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए थे और अब ऑन लाइन प्रणाली कार्य कर रही है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एम्पीडा के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा 8,552 पकड प्रमाण पत्र विधिमान्यीकृत किए गए हैं।

7.4 गुजरात के मछुवारों को सहायता

वर्ष 2012-13 के दौरान गुजरात के 77 मत्स्यन जलयान मालिकों को पाकिस्तान द्वारा जब्त किए गए जलयानों के स्थान पर नए जलयानों के निर्माण हेतु सहायता प्रदान की गई थी और पीएमएनआर निधि से 385 लाख रुपए जारी किए गए थे। एम ओ ए निधि के अंतर्गत हमने 108 लाख रुपए की राशि जारी कर 18 जलयान मालिकों की सहायता की है।

7.5 ट्यूना एवं अन्य बड़ी गभीर सागरीय मत्स्य प्रजातियों हेतु लाँग लाइन मात्स्यिकी के लिए फसलोत्तर तरीकों में सुधार तथा चिरस्थाई बाजार विकास पर एफएओ/टीसीपी परियोजना

एफ ए ओ / इन्फोफिश के सहयोग से एम्पीडा ने 13 से 25 अगस्त, 2012 तक तूतीकोरिन, नागापट्टिनम, विजाग और कोच्चि में "ट्यूना एवं अन्य बड़ी गभीर सागरीय मत्स्य प्रजातियों हेतु लॉगलाइन मात्स्यिकी के लिए फसलोत्तर तरीकों में सुधार तथा चिरस्थाई बाजार विकास" पर 4 कार्यशालाएं आयोजित कीं। तूतीकोरिन में कार्यशाला के पहले चरण का उद्घाटन निदेशक (विपणन), एम्पीडा द्वारा किया गया था। डॉ. करूणासागर इड्डया, वरिष्ठ मात्स्यिकी अधिकारी, एफएओ रोम, श्री फ्रांसिस्को ब्लाहा, एफएओ के विशेषज्ञ, इन्फोफिश क्वालालंपुर के अधिकारी, संयुक्त निदेशक (मात्स्यिकी), तमिलनाडु सरकार, क्षेत्रीय अध्यक्ष, एसईएआई उपस्थित थे। इस कार्यशाला में चारों स्थानों पर उद्योग के 500 से अधिक पणधारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में निम्नलिखित विषय शामिल किए गए थे:

क) ट्यूना हैडलिंग एवं व्यापार में मुद्दों का पर्यवेक्षण

ख) पोल एवं लाइन मात्स्यिकी के संदर्भ में ट्यूना बाजारों एवं विपणन में वैश्विक प्रवृत्तियां।

ग) मूल्यवर्धन तथा विपणन संबंधी सीएफसी परियोजनाओं से अनुभव।

घ) भारत में ट्यूना उद्योग का अवलोकन।

एफ ए ओ टी सी पी क्षेत्रीय कार्यशाला के प्रथम चरण का उद्घाटन करते हुए श्री एन. रमेश, निदेशक (विपणन) एम पी ई डी ए

7.3 Conservation of Marine Resources - Catch Certification Scheme

Implementation of European Union Regulation 1005/2008 demands validation of Catch Certificate for export of sea foods to European Union since 1st January 2010. MPEDA has been authorized by the Government of India for validation of Catch Certificate. MPEDA has deployed 44 Data Entry Operators and 14 Harbour Data Collectors (Trainees) on contract basis at major fish landing centers and fishing harbors for capturing the data for facilitating the catch certification work. We had organized several training programmes for the benefit of Exporters and MPEDA Officers in the online application of Catch Certificate and now the online system is functional.

During the year under report, through the field offices of MPEDA, 8,552 Catch Certificates have been validated.

7.4 Assistance to Gujarat Fishermen

During the year 2012-13, 77 fishing vessel owners from Gujarat were assisted for the construction of new vessels in lieu of the vessels seized by Pakistan and released ` 385 lakh from the PMNR Fund. Under the MoA Fund, we have assisted 18 vessel owners by releasing an amount of ` 108 lakh.

7.5 FAO/TCP Project on Improving post-Harvest practices and sustainable market Development for long line fisheries for Tuna and other large pelagic fish species

MPEDA in association with FAO/INFOFISH organized 4 workshops on "Improving post-Harvest practices and sustainable market Development for long line fisheries for tuna and other large pelagic fish species" at Tuticorin, Nagapattinam, Vizag, and Kochi from 13th to 25th August 2012. The 1st phase of the workshop at Tuticorin was inaugurated by Director (Marketing), MPEDA. Dr. Karuna Sagar Iddya, Senior Fishery Officer, FAO Rome, Mr. Fransico Blaha, expert from FAO, officials from INFOFISH Kuala Lumpur, Joint Director (Fisheries), Government of Tamil Nadu, Regional President, SEAI were present. The workshop was attended by more than 500 stakeholders from the industry in all the four places. The following topics were covered in the workshop:-

a) Overview of issues in Tuna handling and trade

b) Global trends in Tuna markets and marketing with reference to pole and line fisheries

c) Experience from CFC Projects on value addition and marketing

d) Overview of Tuna industry in India

Shri N. Ramesh, Director (Marketing), MPEDA inaugurating the 1st phase of FAO TCP Regional Workshop

एफ ए ओ टी सी पी क्षेत्रीय कार्यशाला के प्रथम चरण का उद्घाटन करती हुई सुश्री लीना नायर, आई ए एस, अध्यक्ष, एम पी ई डी ए

ङ) ई यू बाजार में ट्यूना के मूल्यवर्धित उत्पाद।

च) ट्यूना प्रसंस्करण से उपोत्पादों का उपयोग।

छ) ट्यूना विपणन हेतु विनियामक कार्यढांचा: पकड प्रलेखन, अनुगम्यता, गुणवत्ता मुद्दे।

ज) साशिमी ग्रेड की गुणवत्ता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ट्यूना हेतु जलयान पर प्रहस्तन पद्धतियां।

श्री फ्रांसिस्को ब्लाहा द्वारा सभी स्थानों पर ट्यूना हैंडलिंग एवं प्रच्छालन का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया था। भागीदारों के लाभार्थ ट्यूना उत्पादों के लिए गुणवत्ता मूल्यांकन तकनीकों के प्रदर्शन की व्यवस्था सिफ्ट प्रयोगशाला, कोच्चि में की गई थी।

कार्यशाला का अंतिम चरण कोच्चि में आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला का उद्घाटन 23 अगस्त, 2012 को अध्यक्ष, एम्पीडा ने किया था। डॉ. पीटर इरविन केनमोर, कंट्री प्रतिनिधि, एफएओ, भारत मानद अतिथि थे। डॉ. टी. के. श्रीनिवास गोपाल, निदेशक, सिफ्ट तथा डा. एस. गिरिजा, निदेशक, निफफट ने बधाई भाषण दिया।

परियोजना की अंतिम क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन जलीय संसाधन विकास मंत्रालय, श्रीलंका के सहयोग से कोलंबो, श्रीलंका में 3 से 5 दिसंबर, 2012 तक किया गया था। इस कार्यक्रम में दो अन्य भागीदारों (निफ्फट के एक अधिकारी और उद्योग के एक अधिकारी) के साथ निदेशक (विपणन) ने भाग लिया था।

श्री फ्रान्सिस्को ब्लाहा, एफ ए ओ विशेषज्ञ द्वारा (निफाट्ट प्रसंस्करण कॉम्प्लेक्स, कोच्ची) में ट्यूना हैंडलिंग का प्रदर्शन

Ms. Leena Nair IAS, Chairman, MPEDA inaugurating the last phase of the FAO TCP Regional Workshop

e) Value added products of Tuna in EU market

f) Utilization of by products from Tuna processing

g) Regulatory framework for Tuna marketing: catch documentation, traceability, quality issues

h) Onboard handling practices for Tuna to meet quality requirements of sashimi grade

Practical demonstration of handling of Tuna and cleaning was demonstrated by Mr. Francisco Blaha at all places. Demonstration of quality assessment techniques for Tuna products was arranged in CIFT lab, Kochi for the benefit of participants.

The last phase of the workshop was organized at Kochi. The workshop was inaugurated by Chairman, MPEDA on 23rd August 2012. Dr. Peter Ervin Kenmore, Country Representative, FAO, India was the guest of honour. Dr. T.K. Srinivasa Gopal, Director, CIFT and Dr. S. Girija, Director, NIFPHATT delivered felicitation address.

The final Regional workshop of the project was held in Colombo Sri Lanka from 3rd to 5th December 2012 in collaboration with the Ministry of Aquatic Resources Development, Sri Lanka. Director (Marketing) along with other two participants (one officer from NIFPHATT and other from the Industry) attended this programme.

Demonstration of Tuna handling by Mr. Francisco Blaha, FAO Expert at NIFPHATT Processing Complex, Kochi

7.6 निफ्फाट प्रसंस्करण कॉम्पलैक्स, कोच्चि में ट्यूना पैकिंग सुविधा

निफ्फाट प्रसंस्करण कॉम्पलैक्स, कोच्चि स्थित ट्यूना पैकिंग सुविधा को मै. मून फिशरी इंडिया प्रा. लि. को दो वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर दिया गया था और पट्टे की यह अवधि जून, 2012 में समाप्त हो गई थी। अब मे. कोरल एक्सपोर्टस कोच्चि ने 29.01.2013 से 3 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर यह सुविधा प्राप्त की है।

8.0 कल्चर मात्स्यिकी

8.1 जलकृषि के जरिए निर्यात संवर्धन

निर्यात हेतु देश के जलकृषि उत्पादन में वर्ष 2012-13 के दौरान भी पर्याप्त वृद्धि जारी रही और यह अब तक के सर्वोच्च स्तर 2,77,275 मे. ट. पर पहुंच गया। निर्यातोन्मुख जलकृषि उत्पादन, जिसमें पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 23.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, के परिणामस्वरूप भी देश से श्रिम्प के निर्यातों में योगदान में वृद्धि हुई है। श्रिम्प पालन क्षेत्र में कई संकटों के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला में प्रबंधन की बेहतर पद्धितयां अपनाकर कृषित श्रिम्प में गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा बनाए रखने के महत्व के बारे में सृजित की गई जागरूकता से देश में जल कृषि क्षेत्र को बनाए रखने में मदद मिली है।

उत्पादन की प्रवृत्तियों से यह पता चला कि श्रिम्प की दुर्लभ प्रजाति एल. वन्नमई का उत्पादन टाइगर श्रिम्प की कृषि की लागत पर बढ़ना जारी रहा। क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय केन्द्रों से प्राप्त रिपोर्टों से यह पता चला कि हालांकि एल. वन्नमई के उत्पादन में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तथापि, पूर्ववर्ती वर्ष के आंकड़ों (1,35,465 मे.ट.) की तुलना में टाइगर श्रिम्प के उत्पादन (1,23,303 मे.ट.) में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट दर्शित हुई है। श्रिम्प और झींगे के अलावा क्षेत्रीय कार्यालयों ने शैलफिश (747 मे.ट.) और फिनफिश (551 मे.ट.) की अन्य निर्यात योग्य किस्मों के उत्पादन की भी सूचना दी थी।

8.1.1 श्रिम्प जल कृषि उत्पादन

वर्ष 2012-13 के दौरान श्रिम्प जलकृषि उत्पादन हेतु प्रयुक्त क्षेत्र 1,15,826 हेक्टेयर का था जिसमें 2,70,819 मे. ट. श्रिम्प का उत्पादन हुआ था। वर्षानुवर्ष देश में श्रिम्प कृषि में प्रगति को नीचे चित्र 1 में दर्शाया गया है।



चित्र 1: श्रिम कृषि के अधीन क्षेत्र और उत्पादन

कृषि के अधीन क्षेत्र और उत्पादन का प्रजाति वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

7.6 Tuna packing facility at NIFPHATT Processing Complex, Kochi

